प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल के गठन को लेकर सरगर्मी तेज, कांग्रेस आज कर सकती है अपने मंत्रियों के नाम तय।
- मंत्रिमंडल गठन में हो रही देरी पर भाजपा ने कसा तंज, कहा– राज्यहित की जगह अपना हित साधने में लगा है इंडिया ब्लॉक।
- झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, केन्द्र सरकार दाखिल करेगी अपना जवाब।
- मलेयेशिया में फंसे झारखंड के 52 मजदूरों की 20 दिसंबर को होगी स्वदेश वापसी, फिलहाल भारतीय दूतावास में ले रखी है शरण।
- परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का का शहादत दिवस आज, झारखंड समेत पूरा राष्ट्र कर रहा है नमन।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ में तीन नये अपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति से राष्ट्र को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पहली जुलाई से तीन नए कानून–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम देशभर में लागू किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य विधि प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है।

*******************

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच विचार मंथन का दौर जारी है। कांग्रेस आज अपने मंत्रियों का नाम तय कर सकती है। इस सिलसिले में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और राज्य के सभी 16 नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी। श्री मीर ने पत्रकारों को बताया कि एक–दो दिनों में मंत्रिमंडल का गठन कर लिया जायेगा।

*******************

इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दावा किया है कि जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन कर लिया जायेगा। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि मंत्रिमंडल का गठन होते ही राज्य में विकास की गति तेज होगी।

*******************

मंत्रिमंडल गठन में देरी पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा है कि इंडिया ब्लॉक के विधायक राज्यहित की जगह अपना हित साधने में लगे हैं। श्री शाहदेव ने आरोप लगाया कि अवसरवादी गठबंधन से राज्य का भला नहीं हो सकता।

*******************

राज्य के कोषागार से निकाले गए 2 हजार 812 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं मिलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी खजाने से पैसा कहां गया, यह सरकार को बताना चाहिए।

इधर, कांग्रेस ने श्री मरांडी पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सिन्हा ने कहा है कि श्री मरांडी विधानसभा चुनाव में हार का खीज निकाल रहे हैं।

*******************

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होनी है। 8 नवंबर को पिछली सुनवाई के बाद जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस ए अमानुल्लाह की खंडपीठ ने केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता दानियल दानिश को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वह फैक्ट फाइंडिग कमेटी के सदस्यों का नाम सुझाए।

*******************

भारत के 61 मजदूर जुलाई 2023 से ही मलयेशिया में फंसे हैं। इनमें 52 मजदूर झारखंड के हैं। केन्द्र सरकार की पहल पर 20 दिसंबर को सभी मजदूर स्वदेश लौट रहे हैं। गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि सभी मजदूरों को भारतीय दूतावास में रखा गया है। कुछ कानूनी प्रक्रियाओं के बाद तय तिथि पर इन मजदूरों को वापस लाया जायेगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के आह्वान का बोकारो जिले के किसानों पर सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 प्रदान किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए रोल मॉडल बनकर उभर रहे हैं।

*******************

देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की आज जयंती है। उनकी जयंती पर पूरा देश उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने में अमूल्य योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा  कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के महोत्सव के दौरान श्री राजेंद्र प्रसाद के आदर्श और भी प्रेरणादायक हो गए हैं।

*******************

वर्ष 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में दुश्मन के छक्के छुड़ा देने वाले परमवीर अल्बर्ट एक्का का आज शहादत दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत पूरा देश उनकी वीरता को याद कर रहा है। एक रिपोर्ट।

*******************

पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का आज तड़के टाटा मोटर्स अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्वर्णरेखा घाट पर किया गया।

*******समाप्त***********